प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कटेहरी, मझवां और फूलपुर में की जनसभा।
2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दो दिवसीय लखनऊ दौरा आज हुआ समाप्त : दौरे के दूसरे दिन भाजपा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात।
3. कृषि क्षेत्र में किसानों को जोखिम से बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एक अरब से अधिक रुपय किये स्वीकृत।

और

4. अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा आज हुई संपन्न : अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में कल से शुरू होगा राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेला।

————————

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कटेहरी, मझवां और फूलपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखे

हमले किए और पीडीए पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर परिवारवाद और महापुरुषों का सम्मान न करने के आरोप लगाए। चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदल गई है। बाइट.....

*ये नवभारत का नया उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य, शिक्षा में आगे बढ़ चुका है। वो किसी से छ़पा हुआ नहीं है। इन साढ़े सात वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का परफेक्शन बदला है। उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। आज उत्तर प्रदेश के बारे में लोग अच्छा सोचते है, अच्छा देखते है, लोगों को लगता है उत्तर प्रदेश अब देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ेगा। अब उत्तर प्रदेश का नौजवान पलायन नहीं करेगा।*

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज एक बयान जारी करके भाजपा पर युवाओं को रोजगार न देने के आरोप लगाए। वहीं बसपा पार्टी अध्यक्ष मायावती का भाषण वर्चुअल तरीके से छोटी–छोटी जनसभाओं में जनता को सुनाया जायेगा।

————————

प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में मिर्जापुर की मझवां विधानसभा सीट का खास राजनीतिक इतिहास रहा है। यह सीट अपना दल की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आती है। इसलिए भाजपा के साथ साथ केंद्रीय

मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मझवां सीट पर लगातार चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पूर्वी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की मझवांसीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। यहां भाजपा से सुचिस्मिता मौर्य चुनावी मैदान में हैं तो समाजवादी पार्टी से डॉ ज्योति बिंद प्रत्याशी हैं। इनके पिता मझवां सीट से बसपा के टिकट पर तीन बार विधायक रह चुके हैं। उधर बसपा ने इस बार दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मझवां सीट से भाजपा निषाद पार्टी के उम्मीदवार डॉ विनोद बिंद यहां से विजयी रहे थे, उनके सांसद बन जाने के कारण सीट रिक्त हो गई। वहीं 2017 के विधासभा चुनाव में भाजपा से सुचिस्मिता मौर्य ने जीत हासिल की थी और उन्हें उपचुनाव में दोबारा मौका मिला है। सपा का इस सीट पर अभी तक खाता तक नहीं खुला है। मझवां सीट पर कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान मे हैं। मझवां सीट के लिए करीब 4 लाख मतदाता आगामी 20 नवंबर को इनके भाग्य का फैसला करेंगे। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार, मझवां, मिर्जापुर।*

—————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दो दिवसीय लखनऊ दौरा आज समाप्त हो गया। रक्षा मंत्री ने आज भाजपा सदस्यों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इससे पूर्व श्री सिंह कल प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने स्वर्गीय आशुतोष टंडन की स्मृतियों पर अपने विचार साझा किए। *बाइट.....*

*छोटी आयु मेरी भी है, लेकिन विविधताओं के साथ रह सकता हूं, जिन लोगों का भी निष्ठा उनके साथ रहा है जिन्होंने गोपाल जी को देखा है, उनकी मुस्कुराहट, उनकी सहजता, उनका अपनत्व का व्यवहार, मिलने वाले ने पटल पर सदैव वह अंकित रहेगा यहां।*

————————

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, आज आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो गए। जस्टिस चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर, 2022 को सीजेआई का पद संभाला था। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, न्यायमर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे।

————————

किसानों को कृषि क्षेत्र में जोखिम से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत एक अरब छः करोड उन्नीस लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य कृषि में टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देना है और अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फसल हानि से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा कृषि मंत्री ने राज्य में रबी फसल की बुवाई को सुचारुरूप से संचालित करने हेतु भी उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। कल लखनऊ के विधान भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि नवंबर माह के लिए भारत सरकार द्वारा आवंटित फास्फेटिक उर्वरकों की 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाए।

————————

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की स्थापना की है। यूपीआरईवी के तहत, राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय–राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पोपीपी मॉडल का उपयोग किया जाएगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

त्योहारों के बाद यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे से जुड़ी दो सौ पचपन पूजा विशेष रेलगाड़ियां एक हजार सात सौ पच्चीस फेरों में चलाई जा रही हैं। आज पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों का जोड़ने वाली 28 विशेष

**रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। वहीं लगभग 30 स्पेशल ट्रेनें आगामी 17 नवंबर तक विभिन्न स्थानों के लिए वाराणसी से होकर जाएंगी। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....**

*वाराणसी में पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर रेलवे के स्टेशन हैं जहां से महानगरों के लिए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रहीं हैं। वाराणसी के उत्तर रेलवे के कैंट रेलवे स्टेशन से लगभग 30 स्पेशल ट्रेन आगामी 17 नवंबर तक विभिन्न स्थानों के लिए पास होगी इसमें 6 से ज्यादा ट्रेन वाराणसी स्टेशन से ही खुलेगी। इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए वाराणसी सिटी और बनारस स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन सहित अन्य कई कदम उठाए गए हैं। स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

————————

**अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई प्रसिद्ध चौदह कोसी परिक्रमा का प्रथम चरण आज समाप्त हो गया। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.....**

*पौराणिक मान्यता को संजोये अयोध्या के कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रथम चरण चौदह कोसी परिक्रमा आज शाम संपन्न हो गया। कल अक्षय नवमी लगते ही परिक्रमा मार्ग पर स्थित विभिन्न धार्मिक और पवित्र स्थलों से लाखों श्रद्धालुओं ने परिक्रमा उठाई ,तो आस्था का समुन्द्र परिक्रमा पथ पर जगह–जगह हिलोरे लेने लगा। कुछ ही देर में मानव श्रंखला में परिवर्तित हुई परिक्रमा में साधू– संत ढोल– मजीरे के साथ कीर्तन करते चल रहे थे, तो ग्रामीण महिलायें अवधी पद्गान से धार्मिक वातावरण सृजित कर रही थीं। तनमय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

————————

अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में लगने वाले ऐतिहासिक राजकीय कार्तिक पूर्णिमा मेले का विधिवत उद्घाटन कल वन राज्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री के पी मलिक द्वारा किया जाएगा । इस अवसर पर 11 हज़ार दीप जलाए जाएंगे। मेले का मुख्य स्नान 15 नवंबर को होगा। अपर ज़िलाधिकारी व मेला प्रभारी माया शंकर यादव ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

————————

प्रदेश में आज हुईं दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में 8 लोगों की मौत हो गई । ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे पर एक कार की ट्रक से टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। एडीसीपी ट्रैफिक ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि दुर्घटना आज तड़के हुई। परिवार नोएडा से परी चौक की ओर जा रहा था, तभी उनकी कार एक खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुःख जताया है। उधर, उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर आज सुबह एक कार के सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा जाने के कारण पिता और दो पुत्रों की मौत हो गई।

————————

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महाकुंभ के

दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए मेला क्षेत्र में ही जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे।

(समाप्त)